उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय में स्वच्छता अभियान की आयोजन

विश्व पर्यावरण दिवस २०२३ के अवसर पर उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी में वानिकी एवं पर्यावरण विजान विभाग द्वारा पर्यावरण संरक्षण से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। आज दिनांक 3 जून 2023 को विश्वविद्यालय परिसर में प्रातः स्वच्छता अभियान का आयोजिन किया गया जिसमें विश्वविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों, छात्र एवं छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम के आरम्भ में वानिकी एवं पर्यावरण विज्ञान विभाग के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. एच. सी. जोशी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी शिक्षकों, कमचारियों एवं अन्य प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा पर्यावरण पखवाड़े के तहत आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की रूप रेखा प्रस्तुत की। तत्पश्चात निदेशक (समाज विज्ञान, शोध व नवाचार) प्रोफेसर गिरिजा पांडेय ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला तथा पर्यावरण संरक्षण में आमजन की भागीदारी के महत्व को समझाया। उन्होंने प्लास्टिक प्रदूषण के हानिकारक प्रभावों से बचने हेतु इसके समुचित प्रबंधन की आवश्यकता पर जोर दिया। पर्यावरण हम सभी का है अत: हम सभी का उत्तरदायित्त्व है कि हम अपने आस पास के पर्यावरण को स्वच्छ एवं निर्मल बनाने में अपने अपने स्तर से योगदान दें। इसके पश्चात शिक्षकों , कर्मचारियों एवं शिक्षार्कियों ने सम्पूर्ण विश्वविघालय परिसर से प्लास्टिक कचड़ा इकठ्ठा किया । इस प्रकार एकत्रित प्लास्टिक कचड़े के समुचित निस्तारण हेतु इसे नगर निगम को हस्तांतरित कर दिया गया। कार्यक्रम में डा. बीना तिवारी फुलारा, डॉ. कृष्ण कुमार टम्टा, डॉ. जीतेंद्र पाण्डे, डॉ. मदन मोहन जोशी, डॉ. राकेश रयाल, डॉ. शालिनी चौधरी, डॉ. नीरजा सिंह, डॉ. प्रभा ढौडियाल, डॉ. पुष्पेश जोशी, डॉ. अरविंद भट्ट, डॉ. आशुतोष भट्ट, डॉ. भानु जोशी आदि उपस्थित रहे।

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
प्रशासनिक भवन